53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
न्यूनतम 25.4°c अधिकतम 40.4 °c
# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर
सूर्योदय - 5:22, सूर्यास्त - 7:23 | वर्ष : 53/ अंक : 178 | रविवार, 29 जून 2025 | आषाढ़, शुकल पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

तड़प होनी चाहिए
कामयाबी की वरना सोच
तो हर कोई लेता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

ओमप्रकाश राजभर का नाम ओपी राजभर नहीं, ओपी रातभर होना चाहिए : अखिलेश यादव



यूँ न बिगाड़ो नाम किसी का.... कल को आपका बिगड़ेगा......

# आग उगलते मासूम चेहरे, लगवा रहे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** देश में साम्प्रदायिकता व देश विरोधी बातों का मीठा जहर लगातार घोला जा रहा है। कभी थूक व मूत्र डालने के सैकड़ों वीडियो देश में देखने को मिल रहे हैं, जिससे आपसी विद्वेष दिलों में बढ़ता और पलता दिख रहा है, वहीं दूसरी ओर अब देशद्रोही गतिविधियों में भी मुजफ्फरनगर व जनपद के आसपास के जिलों के लोग लिप्त दिखाई दे रहे हैं। इस बार का मामला पहले के मामलों से भी शर्मनाक मामला है। क्योंकि जिन मासूम चेहरों को आप देख रहे हैं, ये चेहरे किसी मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों के नहीं बल्कि मुजफ्फरनगर के ही बामनहेड़ी स्थित एसआरजे इंस्टीट्यूट के चेहरे हैं, जिसका संचालक जुनैद अली है। दरअसल इन दोनों छात्रों जिनका नाम अनस पुत्र नईम निवासी गांव सिक्का, जनपद शामली व कैफ पुत्र मुजीब रहमान निवासी हरिद्वार के हैं और दोनों इस इंस्टीट्यूट में पढ़ने आते हैं। उक्त छात्रों पर आरोप है कि उक्त दोनों छात्रों ने इंस्टीट्यूट के अंदर 'देश-विरोधी नारे' लगवाए हैं। पाकिस्तान के समर्थन में नारा लगाने के साथ-साथ इन दोनों छात्रों द्वारा हिन्दुस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगवाए गए हैं। इसी से इनकी मानसिकता का शायद साफ साफ पता चल जाता है। हालांकि सफाई में तो उक्त छात्र न जाने क्या क्या सफाई देंगे, मगर ऐसा करने की आखिर आवश्यकता ही क्यों पड़ी और यदि ऐसे लोगों के मन में पाकिस्तान प्रेम रह-रहकर हिलोरे मार रहा है तो क्यों न ऐसे छात्र और उनके परिवार पाकिस्तान ही जाकर रहने लगें?। फिलहाल तो इन छात्रों को हिन्दू संगठनों ने घेर लिया है, नहीं तो इन छात्रों की देशविरोधी मानसिकता का पता भी न चल पाता। बड़ी बात यह है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बेल्ट में आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आने लगी हैं। हाल ही में तकरीबन दो माह पहले अंसारी रोड पर स्थित एक वरिष्ठ डॉक्टर के पुत्र ने भी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे, इन्हें भी देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया था। इसके बाद मुजफ्फरनगर जिले के अलावा बागपत, शामली से भी इसी तरह के मामले सामने आए थे और थूक और मूत्र की घटनाओं की चर्चा करें तो ये तो अनगिनत





मामले हैं। हाल ही में चन्द्रा टॉकीज के बराबर में राज मार्किट, उससे पहले मीनाक्षी चौक पर एक होटल, उससे पूर्व गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर आदि से न जाने कितने मामले सामने आए हैं। इससे भी बड़ी हरकत अपने को बहुत आधुनिक बताने वाला नीच विचारधारा का नाई जावेद हबीब साफ तौर पर कैमरे के सामने हिन्दू महिला के मुंह पर थूकता हुआ दिखाई दिया था। इन्हीं सब बातों से अंदाजा हो रहा है कि देश में नफरत का मीठा जहर घोला जा रहा है और जाने अनजाने में ऐसे लोग अपनी कौम को पूरी तरह बदनाम करने पर तुले हैं। अब देखना यह होगा कि देश विरोधी नारे लगाने वाले मासूम कहे जाने वाले इन छात्रों का प्रशासन क्या उपचार करता है।

## हिन्दू नामों से ढाबे खोलने का नया फॉर्मूला, स्कैनर शर्मा के नाम का और मालिक सनव्वर

**▶▶ पंडित जी वैष्णो ढाबे पर मालिक के रूप में काम करता मिला मिया सनव्वर**

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** कांवड़ यात्रा आते ही मुजफ्फरनगर जनपद में फिर एक बार सही नाम लिखने का फॉर्मूला तूल पकड़ने लगा है। न ही तो योगी सरकार नाम बदलकर ढाबा चलाने वालों पर रियायत बरतती दिखाई दे रही है और न ही मोटा पैसा कमाने के लिए असामाजिक तत्व अपने कृत्यों से बाज आ रहे हैं। यह समाचार तो पहले से ही लोगों के पास था कि अब एक नई साजिश के तहत हिन्दू देवी-देवताओं व वैष्णो ढाबों के नाम पर मुस्लिम समाज के लोग ढाबों का संचालन कर रहे हैं, इससे भी आगे का दिमाग लगाकर अब स्कैनर हिन्दू जातियों के नाम पर रखने लगे हैं। ऐसा ही एक साक्षात मामला शनिवार को सामने आया, जब बघरा के यशवीर महाराज ढाबों पर इस सूचना पर जांच के लिए पहुंचते हैं। जैसे ही वे दिल्ली-देहरादून हाइवे स्थित पंडित जी वैष्णो ढाबे पर पहुंचे, तो वहां मियां सनव्वर मालिक के रूप में काम करते दिखाई दिये और जब स्कैनर को स्कैन किया गया तो अलग अलग तीन स्कैनरों में दो पर



एक में अनीता शर्मा तो दूसरे में दीक्षा शर्मा का नाम प्रदर्शित हुआ। जब यशवीर महाराज ने सख्ती के साथ सनव्वर से पूछताछ की तो सनव्वर यशवीर महाराज को गोल-गोल घुमाने लगा और मीडिया से भी तिड़ककर बातें करने लगा, मगर बुलेटिन पत्रकार इस तिड़क में कहां आने वाले थे। पूरी पोल खोली तो बारी-बारी से मुस्लिम नामों को कारीगर के रूप में दिखाया गया। इस पर भी बुलेटिन संवाददाताओं ने ऐतराज जताते हुए बोर्ड पर लिखे सभी मुस्लिम नाम आमजन को सुनाए और जल उठाने जा रहे कांवड़ियों को आंख, कान खोलकर यह देख लेने को कहा कि असामाजिक तत्वों के बहरूपिए चेहरों से उन्हें सावधान रहना होगा, ऐसा न हो कि कांवड़ के दिनों में कोई असामाजिक तत्व उन्हें अशुद्ध भोजन न परोस दें और जनपद में कोई बवाल न हो, इसके लिए पहले से ही सावधान रहें।




होटल मालिक सनव्वर से वार्ता करती बुलेटिन टीम

## पौने चार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों की गुणवत्ता निकली खराब

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** यदि भाजपाई पहले से ही सड़कों पर उतरकर इसी तरह सड़कों की गुणवत्ता की जांच करते तो शायद आज शहर की सड़कें बरसाती सड़कें न कहलवाती। करोड़ों रुपये का नगर पालिका, करोड़ों रुपये की विधायकी, करोड़ों की पीडब्लूडी आदि विभागों का बजट बरसात आते ही सड़कों की रोडियों के साथ बहता दिखाई देता है। जी हां ये सब बातें पढ़ने में बुरी लगती हैं मगर सच यही है कि प्रत्येक सड़क बनने से पूर्व व सड़क बनते समय यदि नेता दो बार भी सड़कों पर उतर जाते तो शायद आज मुजफ्फरनगर की सड़कों को बार- बार बनवाने की जरूरत न होती। मगर बहुत देर से ही सही, नेताओं को यह सुध तो आई कि जिन मतदाताओं को हमने शानदार सड़कें देने का वादा किया था अब उन्हें शानदार सड़कें दे दी जाएं। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल आज उस समय सरवट फाटक के निकट पहुंचे और अपने को ईमानदार बताने वाले पीडब्लूडी विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क में गुणवत्ता की कमी निकालने के बाद उक्त कार्य को वहीं का वहीं रुकवा दिया। मंत्री ने कुदाल से सड़क को खुदवाया तो सड़क की गुणवत्ता में खामियां पाई गयी। इस पर नाराज होकर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्य तो रुकवा ही दिया साथ ही साथ यह भी आह्वान किया कि अब जनपद में भ्रष्टाचार की सड़कें नहीं बनेंगी और वे हरेक सड़क पर स्वयं निगरानी रखेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि पौने चार करोड़ की लागत से एक सड़क रुड़की से लेकर मदीना चौक होते हुए सरवट फाटक तक की सड़क व गांधी कॉलोनी में हनुमान मंदिर से लेकर भोपा रोड तक का बजट पास कराया गया। जब यह सड़कें निर्माण होने लगी तो इन सड़कों में कई कमियां पाई गयी। जिसमें सड़क की मोटाई, उसकी गहराई पर स्वयं मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सवाल खड़े किए और काम को वहीं का वहीं रुकवा दिया। अब देखना यह होगा कि उक्त सड़क अब दोबारा कितनी ईमानदारी के साथ बनती है।

**मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने रुकवाया निर्माण कार्य**













1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज

जैन मुनि आचार्य विद्यानंद जी महाराज की जयंती का शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। आचार्य विद्यानंद जी महाराज जैन धर्म के संत, विद्वान और समाज-सुधारक थे, पूरे जैन समाज में उनकी बहुत मान्यता थी। उनका जन्म 22 अप्रैल 1925 को शेदबल गांव, बेलगावी कर्नाटक में हुआ था। बहुत कम आयु में उन्होंने मुनि दीक्षा ले ली और पूरा जीवन संयम, साधना और सेवा में लगा दिया। वे जैन धर्म के बड़े विद्वानों में माने जाते हैं। उन्होंने 8,000 से अधिक जैन ग्रंथों के श्लोक कंठस्थ कर रखे थे। उन्होंने जैन दर्शन, नैतिकता और प्राकृत भाषा पर 50 से अधिक किताबें लिखीं। आचार्य विद्यानंद जी ने देशभर में कई पुराने जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाही। उन्होंने जीवन भर दिगंबर रूप में यात्रा की और कठोर तप, ब्रह्मचर्य और ध्यान का पालन किया। दिगंबर रूप अर्थात आकाश ही जिसका वस्त्र हो गया हो। आचार्य विद्यानंद जी महाराज ने वर्ष 1975 में भगवान महावीर के 2,500वें निर्वाण महोत्सव के समय, सभी जैन संप्रदायों की सहमति से आधिकारिक जैन ध्वज और अहिंसा प्रतीक तैयार किया था। आचार्य विद्यासागर जी हिन्दी, अंग्रेजी आदि 8 भाषाओं के ज्ञाता थे। शरीर की अस्वस्थता के चलते आचार्य जी चंद्रगिरी ही पर विराजमान थे, शरीर में व्याधि ने उन्हे घेर लिया था, उनके शरीर पर पीलिया का प्रभाव देखा गया। आचार्य श्री धैर्य से डॉक्टर और वैद्यों की टीम से दिगंबर आगमनुकूल चर्या से उपचार करवाते रहे पर कोई असर न पड़ा। इस प्रकार छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी दिगंबर तीर्थ में आचार्य विद्यासागर जी महाराज का 18 फरवरी 2024 को देह त्याग हुआ। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने अपने जीवनकाल में लगभग 131 मुनि, 172 आर्यिका, 61 ऐलक, 141 क्षुल्लक और 3 क्षुल्लिका दीक्षाएँ प्रदान कीं। आचार्य विद्यासागर जी के शिष्य मुनि क्षमासागर जी ने उन पर आत्मान्वेषी नामक जीवनी लिखी है। इस पुस्तक का अंग्रेजी अनुवाद भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित हो चुका है। मुनि प्रणम्यसागर जी ने उनके जीवन पर अनासक्त महायोगी नाम से काव्य लिखा है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी संतों का हृदय से सम्मान करते हैं, उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रधानमन्त्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, मेरे विचार और प्रार्थनाएँ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी के अनगिनत भक्तों के साथ हैं। आने वाली पीढ़ियां उन्हें समाज में उनके अमूल्य योगदान के लिए याद करेंगी, विशेष रूप से लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके प्रयासों, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और अन्य के लिए उनके काम के लिए। कल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में उनके सम्मान में डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस वर्ष भारत में आचार्य विद्यासागर जी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, जिसका विधिवत शुभारंभ दिल्ली के विज्ञान भवन में कल हो चुका। समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यानंद जी जन्म शताब्दी समारोह के पावन अवसर पर भारत सरकार द्वारा 100 रुपए मूल्य का स्मारक सिक्का एवं 5 रूपए मूल्य का विशेष डाक टिकट जारी किया गया। इस समारोह में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से भी सम्मानित किया गया है। आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती के वर्षभर चलने वाले स्मृति समारोह का आयोजन संस्कृति मंत्रालय और जैन संस्थाओं के सहयोग द्वारा किया जा रहा है। धर्म चक्रवर्ती अर्थात धर्म के चक्र को चलाने वाला महान मार्गदर्शक। यह उपाधि जैन परंपरा में उस व्यक्ति को दी जाती है, जो अहिंसा, सत्य और नैतिक मूल्यों का वैश्विक प्रचार-प्रसार करता है। प्रधानमन्त्री मोदी को यह सम्मान भारत की आध्यात्मिक परंपरा को आधुनिक मंचों पर पहुंचाने, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जैन मूल्यों की प्रतिष्ठा बढ़ाने और एक समावेशी, नैतिक समाज निर्माण की दिशा में योगदान के लिए दिया गया। धर्म चक्रवर्ती सम्मान ग्रहण करते हुए उन्होंने कहा कि आपने मुझे धर्म चक्रवर्ती की उपाधि देने का जो निर्णय लिया है। मैं स्वयं को इसके योग्य नहीं समझता हूं, लेकिन हमारा संस्कार है कि हमें संतों से जो कुछ मिलता है, उसे प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता है। इसीलिए, मैं इस उपाधि को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं, और मां भारती के चरणों में समर्पित करता हूं। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि श्री विद्यानंद जी मुनिराज के बारे में बोलने की जगह काश हमें आज भी उन्हें सुनने का सौभाग्य मिलता। ऐसी महान विभूति की जीवनयात्रा को शब्दों में समेटना आसान नहीं है, उनका जीवन विद्या और आनंद का अद्वितीय संगम रहा है। 150 से अधिक ग्रंथों का लेखन, हजारों किलोमीटर की पदयात्रा, लाखों युवाओं को संयम और संस्कृति से जोड़ने का महायज्ञ। आचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज युगपुरुष थे, युगदृष्टा थे। ये मेरा सौभाग्य है कि, मुझे उनकी आध्यात्मिक आभा को प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर मिलता रहा। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि हमारा भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारा चिंतन अमर है, हमारा दर्शन अमर है और, इस दर्शन के स्रोत हैं,हमारे ऋषि, महर्षि, संत और आचार्य। आचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज भारत की इसी पुरातन परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तम्भ रहे हैं। सुरेंद्र उपाध्याय से आचार्य श्री विद्यानंद मुनिराज बनने की उनकी यात्रा, ये सामान्य मानव से महामानव बनने की यात्रा है। ये इस बात की प्रेरणा है कि हमारा भविष्य हमारे वर्तमान जीवन की सीमाओं में बंधा नहीं होता। हमारा भविष्य इस बात से तय होता है कि, हमारी दिशा क्या है, हमारा लक्ष्य क्या है, और हमारे संकल्प क्या हैं। प्रधानमन्त्री ने कहा कि आचार्य श्री विद्यानंद मुनिराज की जन्मशताब्दी का ये वर्ष, हमें निरंतर प्रेरणा देने वाला है। हमें आचार्य श्री के आध्यात्मिक वचनों को अपने जीवन में आत्मसात तो करना ही है। समाज और राष्ट्र के लिए उनके कार्यों को हम आगे बढ़ाएं, ये भी हमारा दायित्व है। मैंने लाल किले से कहा है हमें देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलानी है। हमें विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ना है। इसी संकल्प को केंद्र में रखकर, हम भारत के सांस्कृतिक स्थलों का, तीर्थस्थानों का भी विकास कर रहे हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"कहानी" "जिन्दगी" "रौशनी" "अंधेरा"

एक कहानी चल रही है दूसरी के साथ-साथ।
गम खुशी जैसे हैं दोनों जिन्दगी के साथ-साथ।।
रौशनी को देख लेना, रौशनी तन्हा नहीं,
है अंधेरा भी यहां पर रौशनी के साथ-साथ।

## थाना समाधान दिवस में मात्र तीन शिकायत आई

**जानसठ, 28 जून (बु.)।** थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जमीन से संबंधित मात्र तीन शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आए, जिनमें से मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ। शनिवार को थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा और नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने संयुक्त रूप से की। थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराना है। राजीव शर्मा ने बताया कि थाना समाधान दिवस में तीन शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर आए, जिनमें से मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील की यदि किसी भी क्षेत्रवासी को कोई समस्या होती है, तो वह अपनी समस्या लेकर थाना समाधान दिवस में आ सकता है। शिकायतकर्ता की समस्या का तुरंत समाधान कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा नायब तहसीलदार बृजेश कुमार व पुलिस और तहसील स्टाफ मौजूद रहा।







# सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को किया भामाशाह सम्मान से सम्मानित

## सतीश गोयल टिहरी समेत 5 व्यापारियों को मिला सम्मान

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** योगी सरकार की पहल पर यूपी में शनिवार को आयोजित एक भव्य भामाशाह सम्मान समारोह में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व डीएम उमेश मिश्रा की उपस्थिति में जिले के उद्यमियों को भामाशाह सम्मान के लिए चयनित किया गया। नगर के भोपा रोड स्थित होटल में इन उद्यमियों को सम्मानित किया गया। इन सर्वोच्च वस्तु एवं सेवा कर देने वाले पांच व्यापारियों में सतीश गोयल टिहरी मैसर्स श्री शैलजा आयरन एंड स्टील्स प्रा. लि. के अलावा जगमोहन गोयल मै. राधा गोविंद ऑटोमोबाइल्स प्रा. लि., आनंद मिश्रा मैसर्स केई सी इंटरनेशनल लिमिटेड, दिनेश गर्ग मै. त्रिवेणी इंजीनियरिंग एडं इंडस्ट्रीज लिमिटेड, विवेक वीरभान, मोहित एटू जेड ऑटो व्हील्स प्रा. लि. मुजफ्फरनगर को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया।

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** दानवीर भामाशाह जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को व्यापारी कल्याण दिवस पर सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज एवं प्रदेश की प्रगति में विशेष योगदान देने वाले व्यापारियों को जिला प्रशासन एवं राजस्व कर विभाग की ओर से भोपा रोड स्थित होटल के अनन्या सभागार में मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व डीएम उमेश मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित किया गया। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव ने कहा कि भामाशाह एक दानवीर और मेवाड़ के महाराणा प्रताप के मित्र तथा सलाहकार थे। उनका जन्म 28 जून 1547 को राजस्थान के मेवाड़ में हुआ था। वे एक धनी व्यापारी थे, और उनका परिवार मेवाड़ के प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। भामाशाह को उनके दानवीर और मातृभूमि के प्रति प्रेम के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भामाशाह एक बहुत बड़े दानवीर व्यक्ति थे, उन्होंने कहा कि समाज में उनका विशेष योगदान रहा है, हमें भी उनकी सोच जैसे बनना चाहिए और देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सभागार में बैठे व्यापारी भामाशाह है, जिनका समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि व्यापारी निरन्तर समाज एवं देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सब लोगों को जल संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाने के साथ वृक्षारोपण करने के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान सर्वाधिक कर देने वाले व्यापारियों को सम्मानित भी किया गया तथा मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी उपस्थित अतिथियों के द्वारा देखा गया। इस दौरान ज्वांईट कमिश्नर सिद्धेश चन्द्र दीक्षित ने सभी व्यापारियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव कुमार ने किया। इस दौरान धीरेन्द्र प्रताप सदस्य ट्रिब्यूनल, निरुपमा सक्सेना ज्वाइंट कमिश्नर कारपोरेट, अभय सिंह डिप्टी कमिश्नर, अम्बरीष असिस्टेंट कमिश्नर, सारिका सिंह असिस्टेंट कमिश्नर शामिल रहे।

## नगर क्षेत्र में जल्द होगा 15वें वित्त आयोग से विकास

### - डीएम की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में मिली 72 कार्यों की स्वीकृति



**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** नगरीय क्षेत्र के विकास को पंख लगाने की दिशा में शुरू तैयारियों के बीच शनिवार को डीएम की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में शहर में आने वाले दिनों में 72 निर्माण कार्यों पर करीब 23.89 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च किए जाने पर स्वीकृति की मुहर लग गई है। शनिवार को डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में 15वें वित्त आयोग से मिली धनराशि को निर्माण कार्य पर खर्च करने की स्वीकृति मिल गई है। इस स्वीकृति में बड़ी बात यह होगी कि करोड़ों की धनराशि से अब शहर के सभी डिवाइडरों के मरम्मत कार्य के साथ आने वाले दिनों में 15 कंक्रीट वाली सड़कें, 15 नालों का निर्माण और 5 नालों की ठीक करने का कार्य कराया जाएगा। शनिवार की दोपहर में डीएम कैंप कार्यालय पर डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग से मिली धनराशि से होने वाले विकास कार्यों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगरपालिका परिषद क्षेत्र में कराए जाने वाले निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल सिंह राणा, जल निगम के अधिशासी अभियंता एवं ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में लोनिवि के अधिशासी अभियंता अनिल राणा ने नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तावित सभी 12 निर्माण संबधी प्रस्तावों एवं एस्टीमेट पर अपनी सहमति दे दी। उधर इस सम्बंध में पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि 12 निर्माण कार्यों में 15 कंक्रीट की सड़क, 15 नए नालों के साथ शहर के सभी मार्गों पर डिवाइडर का मरम्मत कार्य, सुजडू व सहावली स्थित श्मशान घाट का सौंद्रर्यकरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद को पहले एक निर्माण कार्य पर 40 लाख रुपए तक की धनराशि ही खर्च किए जाने का अधिकार था, लेकिन अब शासन ने दो करोड़ रुपए तक के निर्माण कार्य कराने की सीमा बढ़ा दी है।

## कांवड़ यात्रा में नगरपालिका करेगी ड्रोन कैमरों से निगरानी

### - करीब 21 किमी कांवड़ मार्ग में लगेंगे 40 सीसीटीवी कैमरें




**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** समूचे उत्तर भारत की सबसे लंबी धार्मिक यात्राओं की तैयारी में जुटी मुजफ्फरनगर नगर पालिका सुरक्षा कारणों से अपने ड्रोन कैमरे से कांवड़ यात्रा मार्ग की निगरानी करेंगी। शहरी क्षेत्र में इसके लिए पालिका प्रशासन द्वारा करीब 21 किमी केसेके नजर रखी जाएगी। इसके लिए पालिका ने पूर्व में नगर क्षेत्र में कार्यरत कैमरों के साथ कांवड़ यात्रा मार्ग पर 40 सीसीटीवी कैमरे और लगाने जा रही है, ताकि निर्विघ्न एवं सुरक्षा के साथ कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हो सके। नगरपालिका परिषद की ओर से इस बार शहरी क्षेत्र में कांवड़ यात्रा को लेकर सक्रियता बढ़ने लगी है। नगर के हृदयस्थल शिव चौक के प्रति शिवभक्तों की बनी आस्था के चलते देवभूमि हरिद्वार से बोल-बम के जयघोष के बीच गंतव्य पर चलकर शिवभक्तों का रेला जनपद की सीमा में पुरकाजी, छपार से होते हुए बझेड़ी अंडर पास से मदीना चौक, कच्ची सड़क व अहिल्याबाई चौक होते हुए शिवचौक पर पहुंचता है। यहां पर भगवान शिव की परिक्रमा करने की जारी परम्पराओं के बीच शहरी क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ के कारण अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में इस बार पालिका प्रशासन ने शहरी क्षेत्र में 21 किमी कांवड़ मार्ग पर साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति व पथ प्रकाश आदि की व्यवस्थाएं की है। नगर पालिका प्रशासन ने कांवड़ मार्ग की सुरक्षा के लिए पहले से संचालित 37 सीसीटीवी कैमरों को व्यवस्थित कराने के साथ कांवड़ मार्ग पर इस बार 40 सीसीटीवी कैमरे और लगाने जा रहा है। इन सभी सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल शिवचौक पर बनने वाले कंट्रोल रूम में रहेगा। यहां एलईडी के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा नगर पालिका डोन कैमरे से कांवड़ मार्ग की निगरानी करेगी।

आवश्यकता है
बीएससी नर्सिंग /जीएनएम
नर्सिंग स्टाफ की
संपर्क करें
सुबह 11:00 बजे से
दोपहर 2:00 बजे तक
शांति मदन हॉस्पिटल
थाना सिविल लाइन के सामने, मुजफ्फरनगर
M.: 9760254747



## किशोर को बहला-फुसलाकर जंगल में ले जाकर कुकर्म, मुकदमा दर्ज

**चरथावल, 28 जून (बु.)।** किशोर को बहला-फुसलाकर जंगल में ले जाकर कुकर्म करने का आरोप लगाते हुए पिता ने आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है। वहीं किशोर का पुलिस ने मेडिकल कराया है। चरथावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि शुक्रवार को गांव निवासी महराज उसके 15 वर्षीय पुत्र को बहला-फुसलाकर बाइक पर बैठाकर ले गया। आरोप है कि ग्राम कसौली के जंगल में ले जाकर आरोपित ने किशोर के साथ कुकर्म किया और स्वजन को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए किशोर को गांव में छोड़कर फरार हो गया। किशोर ने घर पहुंचकर स्वजन को सारी बातें बतायी। पीड़ित की सुनकर पिता ने आरोपित के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। किशोर को मेडिकल के लिए भेज दिया गया तथा आरोपित की तलाश शुरू कर दी गई है।

THE SKYLAND SCHOOL
(Affiliated to C.B.S.E 10+2)
Budhana Road, Shahpur (Muzaffarnagar)
TEACHERS REQUIRED
TGT- Science, English
PGT- Physics
PRT- Science, S.St., English, Computer
Apply with detailed resume and hand written application via e-mail id- rahulgoelskyland@gmail.com Or Whatsapp No.- 9997282830. Interested candidate can visit the school on any working day between 9.00 am to 1.00 pm.

WANTED TEACHERS
▪ Science
▪ Maths
▪ English
Admission Open
Nursery -VIII
M.N. PUBLIC SCHOOL
Mahaveer Chowk, Muzaffarnagar
Contact- 9528662779



आवश्यकता है
Doctor (Female)
MBBS
BAMS
BUMS
वशिष्ठ हॉस्पिटल
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
M.: 9412110567

किरण रानी सेवा समिति पब्लिक स्कूल
सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर
प्रवेश प्रारम्भ
प्ले से कक्षा 4 तक के प्रवेश 1 जुलाई, 2025 से प्रारम्भ हैं। सिलाई/कढ़ाई/ब्यूटी पार्लर व कम्प्यूटर कोर्स निः शुल्क सिखाया जाता है। प्रवेश चल रहे हैं।
बिक्री हेतु
एक TOPCON कम्पनी की नेत्र परीक्षण व लेन्स सहित मशीन बिकाऊ है, जिसका फोटो संलग्नित है। इच्छुक व्यक्ति सुबह 10 बजे से 1 बजे प्रधानाचार्य से
निम्न फोन नं० 9458535447 पर सम्पर्क करें।



आवश्यकता है
मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
(Male/Female) -10
शैक्षणिक योग्यता-
12th (Intermediate)
आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी आवेदन कर सकती हैं
संपर्क करें- Future Finvest Co. Pvt. Ltd. Tirupati Complex, Roorkee Road, Muzaffarnagar (U.P.)
Mob. 7088001700, 7055160088

आवश्यकता है
Audit Assistant for Audit- 5 (CA Inter)
HR-1 (Graduate)
अपना बायो-डाटा ईमेल-
sanjivkailash@gmail.com या
Whatsapp No. 7088560088 पर भेजें

## जिले की चरथावल, जानसठ व खतौली निकाय को विकास को मिले 13.50 करोड़ रुपए

### - चरथावल को 07 करोड़ व जानसठ नगर पंचायत को मिले 5.30 करोड़

**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** यूपी सरकार ने नगरीय विकास योजनाओं को पंख लगाने के लिए जिले की तीन निकायों में विभिन्न विकास योजनाओं के अन्तर्गत नगर विकास विभाग द्वारा 13.50 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। इसमें सबसे अधिक नगर पंचायत चरथावल को दो योजनाओं में 7 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। नगर पंचायत जानसठ को 5.30 करोड़ और नगरपालिका परिषद् खतौली को एक करोड़ रुपये मिले हैं। इस धनराशि से इन निकायों में जल निकासी, पथ प्रकाश, मलिन बस्तियों के विकास आदि के लिए कार्य कराए जायेंगे। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगरीय विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत जिले की नगर पंचायत जानसठ और चरथावल के साथ नगरपालिका परिषद् खतौली को नगर विकास विभाग की संस्तुति पर विकास कार्यों के लिए 13.50 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने इस संबंध में धनराशि अवमुक्त करने की जानकारी दी है। इसमें बताया गया कि नगर विकास मंत्री एके शर्मा के निर्देशों के क्रम में नगरीय निकायों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं को पूर्ण कराने और अन्य मूलभूत सुविधा विकसित करने के लिए द्वितीय तथा तृतीय किश्त के रूप में धनराशि अवमुक्त कर दी है। नगर पंचायत चरथावल को मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के तहत विभिन्न कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है, वहीं पं. दीन दयाल आदर्श नगर पंचायत योजना में चल रहे कार्यों में अगली किश्त के रूप में चरथावल को दो करोड़ रुपये दिए हैं। नगर पंचायत जानसठ को नगरीय क्षेत्र में पथ प्रकाश की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत 2 करोड़ रुपए व नगरीय सीवरेज एवं जल निकासी योजना में 3.50 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की है। नगरपालिका परिषद् खतौली में नगरीय अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के तहत 1 करोड़ रुपये की राशि अवमुक्त की जा चुकी है। उधर इस सम्बन्ध में निकाय प्रभारी एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने बताया कि जिले में नगरीय निकायों को विभिन्न योजनाओं में कराये जा रहे कार्यों में अगली किश्त के रूप में नगर विकास विभाग द्वारा धनराशि स्वीकृत कर दी गई। इसके साथ ही अन्य योजनाओं में भी निकायों को पैसा मिला है। किश्त जारी करने के लिए निकायों में शासन से लगातार मांग की जा रही थी। पैसा आ चुका है, अब इन निकायों में संबंधित योजनाओं के अन्तर्गत विकास कार्य तेजी से संपन्न कराये जायेंगे।

## चरथावल में समाधान दिवस पर थाना प्रभारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**चरथावल, 28 जून (बु.)।** थाना प्रांगण में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए निस्तारण हेतु अधीनस्थों को निर्देश दिए। चरथावल थाना प्रांगण में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान थाना प्रभारी चरथावल जसवीर सिंह के द्वारा जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही अधीनस्थों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जाँच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। समाधान दिवस में उपस्थित लोगों को साइबर अपराध एवं साइबर ठगी के सम्बन्ध में भी जागरूक किया तथा साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया।

## सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से मिले सत्येंद्र पाल

**शाहपुर, 28 जून (बु.)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर सपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बुढ़ाना विधानसभा की मौजूदा राजनीतिक हालात एवं सामाजिक समीकरणों की जानकारी पार्टी अध्यक्ष को विस्तार से दी। अखिलेश यादव ने सपा नेता सत्येंद्र पाल का उत्साहवर्धन किया और पार्टी हितों में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अहम मुलाकात में उनके साथ प्रोफेसर उपेन्द्र कुमार बालियान, प्रो. एमएस करुणा, सपा जिला सचिव अनेश निर्वाल, पुष्पेंद्र बालियान, जितेन्द्र कुमार, शिवकुमार सहित कई प्रमुख नेता व सम्मानित साथी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनी जन-समस्याएं



**मुजफ्फरनगर, 28 जून (बु.)।** शनिवार को जनपद के सभी थानों पर पीड़ितों की समस्याओं के लिए समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शहर कोतवाली में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पीड़ितों की समस्याओं को सुना। उनके सामने दो समस्याएं आई, जिनके समाधान के लिए टीम का गठन कर दिया गया है। उसके बाद एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत व एडीएम प्रशासन संजय कुमार ने खालापार थाने पर पहुंचकर पीड़ितों की समस्याओं को सुना। उसके बाद अधिकारियों ने मोर्हरम को लेकर मीटिंग की। उन्होंने आमजन से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की। नई मंडी थाने पर समाधान दिवस में तीन शिकायतें आईं, जिसमें एक का निस्तारण तत्काल ही कर दिया गया। इसके अलावा थाना सिविल लाइन में समाधान दिवस में एक शिकायत पहुंची, जिसके निस्तारण के लिए टीम गठित की गयी है। शाहपुर थाने पर एसपी देहात आदित्य बंसल ने पीड़ितों की समस्याओं को सुना। उनके सामने 6 समस्याएं पहुंची, जिसमें दो का निस्तारण तत्काल ही कर दिया गया।

TANYA ENTERPRISES
में नौकरी के अवसर
Tanya Enterprises को निम्नलिखित पदों हेतु योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों की आवश्यकता है-
- Tele Caller - 2 पद
- Sales Executive - 4 पद
- Receptionist - 2 पद
- Solar Panel Installor - 5 पद
- Electrical Engineer (Solar) - 2 पद
- Electrical Engineer -2 पद
पता:- 60/296, A2Z रोड, अवध विहार, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश -251001
संपर्क करें :- 9639438863
ईमेल:- tanyaenterprises222@gmail.com
वेबसाइट:- www.tanyaenterprises22.com
आवेदन तिथि: दिनांक 1/7/2025 से 5/7/2025 तारीख तक
Interview Date- 07/07/2025
Resume आवश्यक दस्तावेज के साथ email करें।
Interview के समय आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आये।

